खाते से 2.80 लाख उड़ाकर बोला-जाओ 1930 पर शिकायत कर दो

दुस्साहस

- दादानगर में रहने वाले डेयरी संचालक के साथ हुई साइबर ठगी
- न लिंक क्लिक किया और न ओटीपी बताया फिर भी उड़ी रकम

कानपुर, दक्षिण संवाददाता। साइबर ठगी के ज्यादातर मामलों को हल्के में लेने की वजह से शातिरों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। डेयरी संचालक के खाते से 2.80 लाख रुपये उड़ाने के दो घंटे बाद खुद ठग ने उन्हें फोन किया और कहा कि आपके खाते से पैसे उड़ा दिए हैं, जाओ साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 पर कॉल कर दो। डेयरी संचालक का कहना है कि न तो उन्होंने कोई लिंक क्लिक किया और न ही किसी को ओटीपी बताया। इसके बाद भी रुपये निकल गए। पुलिस तीन मोबाइल नंबरों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

दादानगर सेवाग्राम कॉलोनी निवासी ज्ञानू सिंह डेयरी संचालक हैं। ज्ञानू सिंह ने बताया कि उनका खाता इंडसइंड बैंक की गोविंदनगर शाखा में है। 22 जून को टीडीएस की रकम 2.36 लाख रुपये उनके खाते में ट्रांसफर हुई थी, जबकि खाते में 44 हजार रुपये पहले से थे। इसके बाद से अलग-अलग तीन मोबाइल नंबरों से व्हाट्सऐप कॉल और मैसेज आने लगे। किसी अनहोनी की आशंका पर बैंक में संपर्क किया तो अधिकारियों ने ओटीपी, अंजान लिंक क्लिक न करने के साथ ही तमाम गोपनीय जानकारी दी। अचानक 25 जून दोपहर दो बजे दो बार में खाते से 2.80 लाख रुपये निकलने का मैसेज आया। ज्ञानू के मुताबिक शाम चार बजे अनजान नंबर से कॉल आई और सामने वाले ने कहा कि 'खाते से रुपये उड़ा दिए हैं, अब साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करा दो। इसके बाद बैंक मैनेजर से जानकारी की तो पता चला कि खाते से 2.80 लाख रुपये ट्रांसफर हुए हैं। उन्होंने गोविंदनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि नंबरों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से आरोपितों का पता लग रहे हैं।

गूगल से निकाला नंबर ठग को लगा लोन बंद करने के नाम 96 हजार ठगे

कानपुर, संवाददाता। साइबर ठग ने बैंक का कर्मचारी बनकर लोन फोरक्लोज करने के नाम पर करीब 96 हजार रुपये की ठगी की। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन पोर्टल और ग्वालटोली पुलिस से मामले की शिकायत की। सिविल लाइंस निवासी सैय्यद मोहम्मद राशिद रिजवी की तहरीर के अनुसार उन्होंने नवी एप के जरिए पर्सनल लोन लिया था। लोन अवधि से पहले लोन बंद (फोरक्लोज) करने के लिए उन्होंने गूगल सर्च इंजन पर कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर निकाला। इसमें मिले नंबर उन्होंने कॉल की तो फोन रिसीव करने वाले ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताया। झांसे में आकर उन्होंने कई बार में करीब 96 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। ग्वालटोली थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

शहर 30s

न्यू कानपुर सिटी के पास धरना देतीं महिला किसान।

न्यू कानपुर सिटी के पास फिर धरना

कानपुर। न्यू कानपुर सिटी में केडीए ने विकास तेज कर दिया है। वहीं, परियोजना के पास महिला किसानों ने कैंप लगाकर धरना दिया। भाकियू भानु गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने यूनियन के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि किसानों के साथ आंदोलन में खड़े हों। केडीए के सहायक अभियंता सीबी पांडेय ने बताया कि परियोजना में 400 एकड़ जमीन पर प्राधिकरण ने कब्जा जमा लिया है।

उस्तादों का सम्मान करना सीखें तालिबइल्म

कानपुर। पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रमुख दीनी मदरसे ''जामिया महमूदिया अशरफुल उलूम जाजमऊ में दारुल उलूम देवबंद के उस्ताद मौलाना मुफ्ती साजिद कासिमी ने दीनी ज्ञान के आदाब (शिष्टाचार), उस्तादों के सम्मान और समय के महत्व के बारे में कीमती नसीहतें दीं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारियों का बोझ पड़ने से पहले ज्ञान में परिपक्वता (मजबूती) हासिल कर लें।

व्यापारियों का लखनऊ में प्रदर्शन

कानपुर। भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के बैनर तले व्यापारियों ने बुधवार को लखनऊ में प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद कार्यालय, गोमती नगर में व्यापारी जुटे। अजय वाजपेयी, बनवारीलाल गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, अशोक अग्रवाल, श्याम सिंहल ,संजय भदौरिया आदि रहे।

आज जनसुनवाई करेंगी आयोग अध्यक्ष

कानपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली की अध्यक्ष विजया रहाटकर गुरुवार को सुबह 11 बजे से सर्किट हाउस के नवीन सभागार में जनसुनवाई करेंगी। शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान भी मौजूद रहेंगी।

जीएसवीएम लगाएगा 1.5 हजार पौधे

कानपुर। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में 15 हजार पौधे लगेंगे। बुधवार को वीडियो कॉंफ्रेंसिंग में शासन स्तर से यह आदेश दिया गया है। प्रावार्य डॉ. संजय कलान ने बताया कि आंवला, नीम, अमरूद, पाकड़ समेत 15 हजार पौधे परिसर में लगाने को कहा गया है। फिलहाल अक्तक हम अभियान के तहत पांच सौ पौधे लगा चुके हैं।

विद्यालय में सरस्वती प्रतिमा की स्थापना

सरसौल। विकास खंड सरसौल के उच्च प्राथमिक विद्यालय विपौसी में बुधवार को नवनिर्मित मंदिर में मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। विस अध्यक्ष सतीश महाना के प्रतिनिधि सुरेंद्र अवस्थी ने प्रतिमा का अनावरण किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वेद नारायण त्रिपाठी ने अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव, एलपी. सिंह,अभिषेक त्रिपाठी, श्रद्धा, अनुराधा रहे।

किशोरी का जीना दुश्वार करने वाले को परिजनों ने बताया मानसिक मंदित, छज्जे से अश्लीलता करते किशोर का फुटेज हुआ था वायरल

किशोर की करतूत कैमरे ने देखी पुलिस की आंखें आखिर क्यों बंद

फॉलोअप

कानपुर, दक्षिण संवाददाता। बर्रा में किशोर की हरकतें सीसी कैमरों में कैद हैं। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने भी उसे देखा लेकिन पुलिस की आंखें अब तक बंद हैं। सबकुछ सामने होने के बाद भी पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पिछले कई दिनों से चल रहे इस प्रकरण में जब किशोरी को पुलिस से मदद की कोई उम्मीद नहीं दिखी तो उसने पिता के एक्स अकाउंट पर लोगों से न्याय दिलाने की गुहार लगाई। उधर, परिजन अब किशोर को मानसिक मंदित बता रहे हैं। उनका दावा है कि पिछले कई वर्षों से मनोचिकित्सक से इलाज चल रहा है। इसके दस्तावेज भी परिजनों ने पुलिस को सौंपे हैं। इस प्रकरण में पुलिस का दावा है कि किशोर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में चार्जशीट तैयार कर विधिक राय के लिए भेजी गई है।

बर्रा में रहने वाली नौ वर्षीय किशोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में उसके घर के सामने रहने वाला किशोर गंदे इशारे और अश्लीलता करता दिख रहा था। आरोपित किशोर सीटी बजाकर किशोरी को परेशान करने के साथ घर के बाहर निकलना दुश्वार किए था। आरोप है कि शिकायत पर बेटे को सबक सिखाने के बजाय परिजनों ने पीड़ित परिवार को ही दुत्कार कर घर से भगा दिया था। जिसके बाद किशोरी ने पिता के एक्स अकाउंट से मार्मिक पोस्ट की। घटनाक्रम का जिक्र करते हुए उसने लोगों से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। पोस्ट पर कमेंट्स करते हुए यूजर्स ने जब आरोपित को सख्त सजा देने की मांग की तो पुलिस सक्रिय हो गई। आपका अपना अखबार हिन्दुस्तान वायरल वीडियो अथवा एक्स पर पोस्ट और कमेंट्स की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि परिजनों ने आरोपित किशोर को रिश्तेदार के घर भेज दिया है। पूछताछ में परिजनों ने पुलिस को बताया कि किशोर 13 वर्ष का है और मानसिक मंदित है। उसका इलाज चल रहा है। उन्होंने किशोर के इलाज से जुड़े पर्चे पुलिस को सौंपे। इनमें चार साल पहले उरई के जिला चिकित्सालय में भी दिखाए जाने के पर्चे लगे हैं। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। किशोर के खिलाफ चार्जशीट भी विधिक राय के लिए अभियोजन अधिकारियों के पास भेजी गई है।

घिनौनी करतूत उजागर फिर भी बेटे को बचा रहे

वायरल सीसी फुटेज को देख कोई भी यूजर्स यह नहीं कहेगा कि आरोपित किशोर मानसिक मंदित है। वह अश्लील इशारे कर गुप्तांग दिखा रहा है, उससे एक बात तो तय है कि शिकायत के बाद भी वह बिल्कुल नहीं सुधरा और न उसके परिजन ने उस पर लगाम लगाने की कोशिश की। बेटे की करतूत उजागर के बाद उसे बाल सुधार गृह भेजे जाने की आशंका के चलते परिजन अब इलाज की बात कह रहे हैं। पुलिस परिजनों द्वारा सौंपे गए इलाज के पर्चों की सत्यता और चिकित्सकीय रिकॉर्ड का सत्यापन कर रही है।

- घर में कैद बेटी की हालत देख पिता ने लगाई थी न्याय की गुहार
- मामला सुर्खियों में आया तो किशोर को भेजा रिश्तेदार के घर

पिता ने जो तमंचा ताना वह एयरगन निकली

बेटी को टार्चर कर जीना दुश्वार करने की जानकारी के बाद पिता ने आरोपित के पिता पर तमंचा तान उस पर लगाम लगाने का अल्टीमेटम दिया था। दोबारा गलती करने पर खोपड़ी खोल देने की धमकी दी थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में जिस तमंचे को आरोपित के परिजन पर ताना गया था वह एयरगन निकलने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले पुलिस लाइन की आर्मरी में भेजा जाएगा।

> आरोपित किशोर के परिजन ने बेटे के मानसिक मंदित होने का दावा किया है। पॉक्सो में चार्जशीट तैयार कर ली गई है, जो विधिक राय के लिए भेजी गई है। इलाज करने वाले डॉक्टर, सहपाठी और पड़ोसियों के बयान शामिल किए जाएंगे। जिसे तमंचा बताया गया था उसके एयरगन होने का अंदेशा है। **-दीपंद्र नाथ चौधरी**, डीसीपी दक्षिण

बर्रा में किशोरी को अश्लील इशारे करता किशोर। (फोटो वीडियो ग्रैब)

दो दिन में चार हजार कमेंट्स रूह कांप उठे, ऐसी सजा मिले

कानपुर, दक्षिण संवाददाता। एक्स अकाउंट में आरोपित की करतूत का सीसी फुटेज पोस्ट करने के साथ किशोरी के पिता ने चंद लाइनों के जरिए अपना बेपनाह दर्द बयां किया है। पिता ने लिखा, बाद में मोमबत्तियां जलाने से बेहतर है कि अभी इस बच्ची के लिए आवाज उठाओ। इसके बाद तो एक्स पर यूजर्स के कमेंट्स का तांता लग गया। दो दिन में चार हजार यूजर्स ने अपनी भावनाएं साझा कीं। यूजर्स ने कमेंट्स में जमकर भड़ास निकाली। किसी ने कहा सबक सिखाओ तो कोई बोला दरिंदा। किसी ने लिखा सख्त कार्रवाई हो। एक्स पर एक यूजर्स सत्यम ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आज इशारे कर रहा है, कल कही किडनैप कर ले, इसे संस्कार से क्या मतलब। कमरुज्जमा मलिक ने इंसानी शक्ल में दरिंदे लिखकर पोस्ट किया। राहुल ने लिखा यह अनैतिकता काम है। चेतन ने पोस्ट किया, पुलिस जल्द इसका इलाज करे। साकेत यादव ने लिखा ऐसी सजा मिले कि इसकी रूह कांप उठे। अनंत विश्वकर्मा ने अपने पोस्ट में थर्ड डिग्री तक की मांग कर दी।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
"CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
क्षेत्रीय कार्यालय: 113/179, स्वरूप नगर, कानपुर-208002
परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

सामान्य रूप से आम लोगों को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति/संपत्तियां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के पास गिरवी/चार्ज की गई हैं, जिसको सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के अधिकृत अधिकारी द्वारा सांकेतिक कब्जा ले लिया गया है। जिसे "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", और "जो कुछ भी है" के आधार पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिभूति लेनदार के द्वारा निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) से बकाया की वसूली के लिए निम्नलिखित उधारकर्ताओं की संपत्ति को दिनांक 29.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच बेचा जाएगा। संबंधित संपत्तियों का आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि (ई.एम.डी.) नीचे दी गई है।

ईएमडी (ऑनलाइन) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 29.07.2026 दोपहर 12:00 बजे तक

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर/बंधककर्ता का नाम एवं शाखा	बंधक सम्पत्ति का विवरण	डिमांड नोटिस की तिथि एवं देय धनराशि कब्जा नोटिस की तिथि	रिजर्व प्राइस ईएमडी बिड इनक्रीमल अमाउन्ट
1.	ऋणीः श्रीमती शीला देवी पत्नी श्री कृष्ण कुमार मिश्रा, पताः मकान सं. 716, वार्ड सं. 08, बिंदकी कोहना, मोहल्ला- मीरखपुर पश्चिम, कस्बा बिंदकी, फतेहपुर, पिन-212635 जमानतकर्ताः श्री कृष्ण कुमार मिश्रा, पताः मकान सं. 716, वार्ड सं. 08, बिंदकी कोहना, मोहल्ला- मीरखपुर पश्चिमी, कस्बा बिंदकी, फतेहपुर, पिन-212635 शाखा- बिंदकी, मो0- 8303714275 ई-मेलः bmkanp4502@centralbank.bank.in	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर संपत्ति स्थित मकान सं. 716, वार्ड सं. 8, मोहल्ला- मीरखपुर पश्चिम, कस्बा- बिंदकी, परगना एवं तहसील- बिंदकी, जिला- फतेहपुर, पिन-212635 संपत्ति का क्षेत्रफलः 77.004 वर्ग मीटर संपत्ति के मालिकः श्रीमती शीला देवी पत्नी श्री कृष्ण कुमार मिश्रा चौहद्दीः उत्तरः श्री राम किशोर का प्लॉट, दक्षिणः- श्री शिव नारायण का प्लॉट, पूर्वः- 20.00 फीट रोड, पश्चिमः- तालाबी भूमि	06.12.2022 रू. 6,91,687.73/- + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 17.07.2023	रू. 11.53 लाख रू. 1,15,300/- रू. 15,000/-
2.	ऋणीः (1). मेसर्स बाबा टाइल्स (इसके प्रोपराइटर श्री आर्यन वर्मा पुत्र श्री सुधीर कुमार वर्मा), पता- 126/35, गड़रियनपुरवा, फजलगंज, कानपुर नगर-208012 (2). श्री आर्यन वर्मा पुत्र श्री सुधीर कुमार वर्मा (मेसर्स बाबा टाइल्स के प्रोपराइटर), पता-117/एम/1091, फ्लैट संख्या 402, तृतीय तल, साई समृद्धि अपार्टमेंट, काकादेव, रावतपुर, कानपुर नगर-208019 जमानतकर्ताः श्री सुधीर कुमार वर्मा पुत्र श्री हरि सिंह, पताः 117/एम/1091, फ्लैट संख्या 402, तृतीय तल, साई समृद्धि अपार्टमेंट, काकादेव, रावतपुर, कानपुर नगर-208019 शाखा-सुभाष बालिका विद्यालय मो0 नं0- 8303713738, ई-मेल आईडीः bmkanp3287@centralbank.bank.in	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर संपत्ति स्थित तीसरी मंजिल पर फ्लैट संख्या 402, संपत्ति संख्या 117/एम/1091 (भाग) के भाग पर निर्मित, काकादेव, कानपुर नगर, आरजी फ्लॉट संख्या 1091 का पश्चिमी भाग, ग्राम रावतपुर, कानपुर-208019 संपत्ति का क्षेत्रफलः 77.38 वर्ग मीटर (आच्छादित क्षेत्र) संपत्ति के मालिकः श्री सुधीर कुमार वर्मा पुत्र श्री हरि सिंह फ्लैट की चौहद्दीः उत्तरः खुला स्थान फिर 200 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः सामान्य स्थान एवं सीढ़ियाँ फिर फ्लैट संख्या 403, पूर्वः फ्लैट संख्या 401, पश्चिमः नाली एवं मकान संख्या 117/एम/1091-ए भवन की चौहद्दीः उत्तरः 200 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः मकान संख्या 117/एम/1090, पूर्वः मकान संख्या 117/एम/1091 का भाग, जिसका स्वामित्व परमजीत कौर एवं श्रीमती प्रतिपाल कौर, पश्चिमः मकान संख्या 117/एम/1091-ए	01.05.2025 रू. 1,02,32,906.33 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 15.07.2025	रू. 43.43 लाख रू. 4,34,300/- रू. 25,000/-
3.	ऋणीः (1) श्री अमर बहादुर सिंह पुत्र स्व0 जगदेव सिंह, पता ग्राम व पोस्ट- मडराओ, तहसील- बिंदकी, जिला-फतेहपुर, पिन-212635 जमानतकर्ताः श्री निरपत बहादुर, पताः ग्राम व पोस्ट- मडराओ, तहसील- बिंदकी, जिला-फतेहपुर, पिन-212635 शाखा- बिंदकी, मो0- 8303714275 ई-मेलः bmkanp4502@centralbank.bank.in	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर संपत्ति स्थित ललौली रोड (रवि पैलेस सिनेमा के पास) कस्बा बिंदकी, जिला-फतेहपुर, पिन- 212635, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, बिंदकी संपत्ति का क्षेत्रफलः 68.04 वर्ग मीटर संपत्ति के मालिकः श्री अमर बहादुर सिंह पुत्र स्व0 जगदेव सिंह चौहद्दीः उत्तरः- श्री शत्रुघ्न सिंह का मकान, दक्षिणः- श्री राजेश का मकान, पूर्वः- उमराव इंडस्ट्रीज की भूमि, पश्चिमः- 10.00 फीट रोड फिर खिल्लन बिहन का प्लॉट	01.06.2017 रू. 5,00,240.00/- + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 22.09.2017	रू. 22.00 लाख रू. 2,20,000/- रू. 25,000/-

ई-नीलामी की तिथिः 29.07.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच 10 मिनट के ऑटो एक्सटेंशन के साथ।

इच्छुक बोलीदाताओं को वेबसाइट https://www.ebkray.in पर पंजीकरण करना होगा और क्रेता पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी। ईएमडी राशि एनईएफटी/आरटीजीएस/ट्रांसफर (https://www.ebkray.in से चालान उत्पन्न होने के बाद) के माध्यम से ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में जमा की जाएगी। नीलामी सामान्य लेंडिंग प्लेटफॉर्म EBkray पोर्टल के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ई-नीलामी "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आयोजित किया जाएगा। सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (कम ईएमडी राशि) को एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से खाता संख्या 3007652890, आईएफएससी-CBIN0281432 में प्राधिकृत अधिकारी के खाते के नाम पर उसी दिन या अगले कार्य दिवस से पहले जमा करना होगा। शेष 75% राशि का भुगतान बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पहले किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक होने पर बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा सफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई कोई भी राशि जब्त कर ली जाएगी। संपत्ति पर कोई भार नहीं है, तथापि बोलीदाता इस संबंध में स्वतंत्र जांच कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में (किसी प्रतिभूत संपत्ति के लिए एकमात्र बोली लगाने वाले के मामले सहित) प्रतिभूत संपत्ति आरक्षित मूल्य या उससे कम पर नहीं बेची जाएगी। न्यूनतम एक बोली वृद्धि राशि अनिवार्य है। (प्रक्रिया- खरीदार/बोलीदाता को अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके अपने eBKray पोर्टल में लॉगिन करना होगा)।

उपरोक्त संपत्ति पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है- ज्ञात नहीं है

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट (प्रतिभूत लेनदार के रूप में) यानी https://www.centralbankofindia.bank.in., या नीलामी प्लेटफॉर्म यानी https://www.ebkray.in देखें। हेल्पलाइन नंबर +91 8291220220, किसी अन्य जानकारी के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी, मो0- 8303713702 से सम्पर्क करें।

सभी ऋणी/जमानतकर्ताओं की सूचित किया जाता है कि उपरलिखित समस्त देय, ब्याज एवं खर्चों सहित ई-नीलामी तिथि से पूर्व अदा कर दें अन्यथा उनकी सम्पत्तियां नीलाम कर दी जायेंगी तथा यदि कोई देय शेष रह जाते हैं तो उनकी वसूली हेतु उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

दिनांक: 08.07.2026 स्थान: कानपुर प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया

रिश्तेदार फोन कर युवती को कर रहा प्रताड़ित, रिपोर्ट दर्ज

कानपुर। चकेरी में एक रिश्तेदार ने अलग-अलग नंबरों से फोन कर युवती का जीना दुश्वार कर दिया। हरकतें सुधारने की बात सुन रिश्तेदार ने गाली-गलौज कर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट कराई है। चकेरी निवासी युवती के मुताबिक, उनका दूर का रिश्तेदार तेज प्रताप सिंह उर्फ सोनू पिछले दो सालों से अलग-अलग नंबरों से फोन कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। फोन उठाते ही गाली-गलौज कर अश्लील बातें करता है। विरोध पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। वहीं, 30 जून को आरोपित ने व्हाट्सएप पर वॉयस रिकॉर्डिंग भेज अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

'पानी नहीं आया तो उल्टा लटका देंगे'

बोले मैथानी

मैथानी ने निरीक्षण कर जाना हाल।

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। गोविंदनगर विधानसभा क्षेत्र के डबल पुलिया के पास जल निगम के निर्माण कार्य के दौरान मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से शास्त्रीनगर, विजय नगर समेत डेढ़ लाख से अधिक लोग पिछले तीन दिनों से पेयजल संकट झेल रहे हैं। इस पर क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बुधवार को निरीक्षण किया और जल निगम के इंजीनियरों को फटकार लगाई। कहा-गुरुवार सुबह तक पानी न आया तो उल्टा लटका देंगे।

जल निगम के अधिशासी अभियंता प्रवीण यादव, सहायक अभियंता सिकंदर पटेल और अवर अभियंता अनिल कुमार को चेतावनी दी कि समय पर आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो ऐसी कार्रवाई करेंगे जो कभी सोची नहीं होगी। जल निगम के अधिकारियों के अलावा पूर्व पार्षद प्रेम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सतीश शुक्ला रहे। विधायक ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि गुरुवार सुबह तक, शास्त्रीनगर और विजयनगर सहित सभी प्रभावित क्षेत्रों में पानी की सप्लाई हर हाल में चालू हो जानी चाहिए, चाहे रातभर काम करना पड़े। चेतावनी दी कि 'अगर आप लोगों ने काम अधूरा छोड़कर या साइट से भागने की कोशिश की तो याद रखने कि आपको कानपुर छोड़कर भागना पड़ जाएगा'।

वैन चालक के लिए चाय की चुस्की बनी अमृत का प्याला

जाको राखे साइयां

- चाय पीने के लिए उतरते ही मौरंग लदा डंपर वैन के ऊपर पलटा
- गांधीग्राम में बुधवार सुबह हुआ हादसा जीटी रोड पर लगा जाम

डंपर पलटने के बाद वैन का अगला हिस्सा मौरंग से दब गया।

कानपुर, दक्षिण संवाददाता। एक नामी चाय कंपनी का विज्ञापन बड़ा मशहूर हुआ था, जिसमें एक महिला से कहा जाता है कि 'हट जाओ वरना मारी जाओगी, चाय पी रही हो या अमृत का प्याला'। चाय की चुस्की वाकई में गांधीग्राम के वैन चालक के लिए अमृत का प्याला साबित हुई। बुधवार सुबह गांधीग्राम में चाय पीने के लिए उसके उतरते ही मौरंग लदा डंपर उसकी वैन के ऊपर पलट गया। इसेसे वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। चालक बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद जीटी रोड पर काफी देर तक जाम लगा रहा। पुलिस ने वैन व डंपर को किनारे कराया, तब करीब एक घंटे बाद यातायात सामान्य हो सका।

गांधीग्राम निवासी वैन चालक राजेश कुमार ने बताया कि वह बुधवार सुबह जीटी रोड किनारे गाड़ी खड़ी कर चाय पीने जा रहा था। उसके वैन से उतरते ही गुजर रहा तेज रफ्तार डंपर बेकाबू होकर वैन के ऊपर पलट गया। हादसे से इलाके में अफरातफरी मच गई। वैन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों को लगा कि ड्राइवर दब गया है। शोर मचा पर तब तक राजेश ने बताया कि वैन में कोई नहीं है। लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं बीच सड़क पर डंपर पलटने और मौरंग फैलने से रामादेवी से टाटमिल लेन पर जाम लग गया। पुलिस पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराया। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया था। फिलहाल, तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

कानपुर विकास प्राधिकरण ई-निविदा सूचना
पत्रांक : डी/79/मु.अ./का.वि.प्रा./2026-2027 दिनांक : 08.07.2026
कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अधोलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्रों में उपलब्ध निविदा सूचना में अन्य नियम व शर्तों का उल्लेख है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	बी.ओ.क्यू. स्टार्टर (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (रू. लाख में)	निविदा मूल्य बी.एन.टी. सहित (रू. रु.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय	तकनीकी बिड/वित्तीय खोलने की तिथि एवं समय	वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय	श्रेणी/जोन
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	कानपुर विकास प्राधिकरण की न्यू कानपुर सिटी योजना के अन्तर्गत 45.00 मी. 30.00 मी. व 24.00 मी. जीनल मार्गों का निर्माण कार्य।	3921.92	78.44	11800.00	18 माह	10.08.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक	11.08.2026 पूर्वाह्न 12.00 बजे	तकनीकी बिड स्वीकृति के बाद सूचित की जायेगी	ए (सिविल)
2.	कानपुर नगर में जी.टी. रोड से विसायनपुर गांव की ओर जाने वाले मार्ग (कानपुर यूनिवर्सिटी के पास) पर बतिप्रस्त भाग में 3.0 मी. चौड़े इण्टरलाकिंग पावमे का निर्माण कार्य।	59.90	1.20	3540.00	03 माह	31.07.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक	01.08.2026 पूर्वाह्न 12.00 बजे	तकनीकी बिड स्वीकृति के पश्चात	सी (सिविल)
3.	लखनऊ-कानपुर मार्ग (एन.एच.-27) पर जाजमऊ पुल की रैम्प के Under Portion पर फ्लस्ट बेस थ्री-डी पेंटिंग का कार्य।	52.11	1.05	3540.00	06 माह	27.07.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक	28.07.2026 पूर्वाह्न 12.00 बजे	तकनीकी बिड स्वीकृति के पश्चात	सी (सिविल)

इच्छुक फर्मों से अनुरोध है कि नियमित रूप से उक्त वेबसाइट का अवलोकन करते रहें, क्योंकि निविदा के सम्बन्ध में कोई परिवर्तन अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाइट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।
Helpline : 2556292, 2557853 • Website : www.kdaindia.co.in मुख्य अभियन्ता

लालइमली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष को नोटिस

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। लाल इमली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह पर कंपनी का क्वार्टर किराए पर देने का आरोप लाल इमली के प्रशासनिक अधिकारी ने लगाया है। साथ ही, नोटिस जारी कर कंपनी का क्वार्टर खाली करने का फरमान भी जारी किया है। सात दिन में नोटिस का जवाब देने के लिए कहा है। वादा दें, अजय सिंह ने लाल इमली की सुइयां चोरी होने की शिकायतें कीं हैं। जारी नोटिस में लाल इमली के सहायक प्रबंधक प्रशासक सुनील कुमार मिश्रा ने लाल इमली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह पर आरोप लगाया है कि कंपनी से मैकराबर्टगंज में आवंटित क्वार्टर को किराए पर दिया है, जो अपराध है। कंपनी के आवंटित क्वार्टर को किराए पर नहीं दिया जा सकता है। लिहाजा, सात दिन में आवंटित क्वार्टर कंपनी को वापस कर दें।

चोरियों का खुलासा करने पर घेराबंदी

अजय सिंह ने नोटिस को घेराबंदी करार दिया है। अजय सिंह का कहना है कि कंपनी के आवंटित क्वार्टर में ताला लगा हुआ है। किराएदार रखने का आरोप साजिश है। ऐसा उच्च प्रबंधन के इशारे पर किया जा रहा है। नोटिस में बीआईसी के 16 जनव